abp न्यूज़

Jalore News: जालौर में नकली तेल बनाने की फैक्ट्री पर छापा, भारी मात्रा में मिलावटी तेल जब्त, 4 गिरफ्तार

Rajasthan News: राजस्थान के जालौर जिले के सांचौर कस्बे में पुलिस ने मिलावटी और नकली तेल बनाने की फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली सरसों और सोयाबीन तेल, ब्रांडेड स्टिकर, बिल बुक और दो पिकअप वाहन जब्त किए हैं. इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो बिना वैध लाइसेंस के नकली तेल तैयार कर बाजार में बेच रहे थे.
पुलिस को सूचना मिली थी कि सांचौर के माखपुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित हिरा मोती मार्केटिंग फैक्ट्री में नकली तेल का उत्पादन किया जा रहा है और इसे अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैक कर बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही है. इस सूचना के आधार पर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशन में सांचौर थाना अधिकारी देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ फैक्ट्री पर छापा मारा. छापेमारी के दौरान वहां मौजूद चार लोग तेल के टिन और डिब्बे पैक करते हुए पाए गए.

फैक्ट्री से नकली घी बनाने का सामान जब्त

जांच के दौरान फैक्ट्री में भारी मात्रा में मिलावटी तेल बरामद किया गया. इनमें बड़े टैंकरों में स्टोर किया गया तेल, अलग-अलग ब्रांड के स्टिकर, तेल के टिन और डिब्बे शामिल थे. जब्त किए गए तेल के पैकिंग पर बैच नंबर, उत्पादन तिथि और वैधता की कोई जानकारी नहीं थी. इसके बाद पुलिस ने तेल के सैंपल लेकर विधि अनुसार जांच शुरू की और पूरा माल जब्त कर लिया. जांच में पाया गया कि फैक्ट्री का लाइसेंस 1 मार्च 2025 को समाप्त हो चुका था, इसके बावजूद वहां बड़े पैमाने पर तेल तैयार कर बाजार में बेचा जा रहा था.
पुलिस टीम ने दबिश देकर इस मामले में रितिक महेश्वरी पुत्र प्रेमकुमार निवासी महेश्वरी कॉलोनी, सांचौर, नसीर खान पुत्र सालार खान निवासी बिजराड़, बाड़मेर, राहुल पुत्र कमाराम निवासी अचलपुर, जालोर और नरपत पुत्र भैराराम निवासी सुराचंद, जालोर को गिरफ्तार किया है. सांचौर पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं सहित खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 तथा 102, 103 व्यापार चिन्ह अधिनियम 1999 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. फिलहाल आरोपियों से कड़ी पूछताछ और अनुसंधान जारी है.

Source: https://www.abplive.com/states/rajasthan/rajastahn-police-raid-fake-oil-manufacturing-factory-jalore-district-adulterated-oil-seized-arrested-4-accused-2910904